भारत सरकार
श्रम और रोजगार मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या- 1049
गुरूवार, 10 फरवरी, 2022/21 माघ, 1943 (शक)

बेरोजगारी भरण-पोषण भत्ते के लिए पंजीकरण

1049. श्री विशम्भर प्रसाद निषादः
श्रीमती छाया वर्माः
चौधरी सुखराम सिंह यादवः

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश में बेरोजगारी भत्ता अथवा भरण-पोषण भत्ता प्राप्त करने हेतु पंजीकरण करवाने वाले बरोजगारों की राज्य-वार संख्या का ब्यौरा क्या है; और

(ख) बेरोजगारी भत्ता अथवा भरण-पोषण भत्ता प्राप्त करने के लिए आवेदन करने वाले बेरोजगारों में से स्नातक अथवा इससे अधिक अर्हता रखने वाले शिक्षित बेरोजगारों की संख्या कितनी है?

उत्तर
श्रम और रोजगार राज्य मंत्री
(श्री रामेश्वर तेली)

(क) से (ख) कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) द्वारा कार्यान्वित की जा रही अटल बीमित व्यक्ति कल्याण योजना (एबीवीकेवाई) के तहत, पात्रता शर्तों के अंतर्गत बेरोजगारी लाभ का भुगतान उन बीमित श्रमिकों को किया जाता है जो अपना रोजगार गंवा देते हैं। एबीवीकेवाई के तहत बेरोजगारी लाभ को औसत दैनिक आय के 25% से बढ़ाकर 50% कर दिया गया है, जो 90 दिनों तक देय है, साथ ही कोविड-19 के कारण रोजगार खो चुके बीमित कामगार को लाभ का दावा करने के लिए पात्रता शर्तों में छूट दी गई है। यह योजना 01.07.2018 को प्रचलन में आई थी और इसे दो बार 01.07.2020 से 30.06.2021 एवं पुनः 01.07.2021 से 30.06.2022 तक बढ़ाया गया। 07.02.2022 तक इस योजना के तहत राज्य-वार प्राप्त दावे, अनुमोदित दावे एवं भुगतान की गई राशि अनुबंध पर है।

*****

अनुबंध

राज्य सभा के दिनांक 10-02-2022 के अतारांकित प्रश्न संख्या 1049 के भाग (क) से (ख) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध

07.02.2022 तक एबीवीकेवाई के दावे और भुगतान

क्र.सं.	राज्य/संघ राज्य-क्षेत्र	प्राप्त दावे	स्वीकृत दावे	भुगतान की गई राशि (रुपये में)
1	हिमाचल प्रदेश	1353	1086	14479265
2	कर्नाटक	5702	4246	62665475
3	चंडीगढ़ (यूटी)	444	338	5489720
4	उत्तराखंड	1875	1360	14005647
5	हरियाणा	6972	3454	44852589
6	असम	346	259	3335531
7	राजस्थान	5942	4895	60553588
8	जम्मू और कशमीर (यूटी)	285	216	1931418
9	उत्तर प्रदेश	7330	4840	66045205
10	पश्चिम बंगाल	1330	935	13026242
11	नागालैंड	1	1	21637
12	बिहार	714	583	6657275
13	पंजाब	2416	1940	23666816
14	दिल्ली	4954	3524	62181904
15	झारखंड	455	267	3419665
16	सिक्किम	2	0	0
17	त्रिपुरा	14	14	114450
18	मिजोरम	6	6	36047
19	गुजरात	2866	2159	29781492
20	आंध्र प्रदेश	11443	9369	104564427
21	भुवनेश्वर	735	392	4259988
22	तमिलनाडु	7813	6637	84819293
23	मध्य प्रदेश	3433	2560	32328905
24	महाराष्ट्र	7110	5480	80505535
25	गोवा	660	483	7613852
26	छत्तीसगढ	639	444	5086924
27	तेलंगाना	4311	3075	44246647
28	केरल	3161	2422	33865604
29	पुडुचेरी	412	329	5083004
	योग	**82724**	**61314**	**814638145**